# ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर कॉन्क्लेव 10 को लखनऊ में जुटेंगे दिग्गज कारोबारी समूह

लखनऊ। इन्वेस्ट यूपी ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) नीति के तहत यूपी को वैश्विक क्षमता केंद्र के बड़े गढ़ के रूप में विकसित करने की तैयारी की है। इसके तहत पहली बार जीसीसी के लिए बड़े समूह लखनऊ में एक साथ जुटेंगे। इसमें जेपी मॉर्गन सहित कई मल्टीनेशनल समूह के आने की संभावना है। इन्वेस्ट यूपी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। 10 जून को लखनऊ में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण आयोजन किया जाएगा।

जीसीसी नीति वैश्विक प्रतिभा, संसाधनों और विशेषज्ञता का उपयोग करने के लिए दुनिया भर के संगठनों द्वारा स्थापित किए जाते हैं। वे आम तौर पर बड़े निगमों का हिस्सा होते हैं और अनुसंधान और विकास, आईटी सेवाओं, व्यवसाय प्रक्रिया आउटसोर्सिंग, इंजीनियरिंग सेवाओं जैसी सेवाएं देते हैं। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) नीति 2024 उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेश के साथ-साथ रोजगार का साधन भी बनेगी। इस नीति के जरिए सरकार का फॉर्च्यून 500 कंपनियों और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर फोकस है। इसीलिए 10 जून को लखनऊ में इस क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों को इन्वेस्ट यूपी ने आमंत्रित किया है। इस आयोजन में 50 बड़े कारोबारी समूहों के आने की उम्मीद है। ब्यूरो